भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1735**
उत्तर दिनांक 29/07/2026 को दिया गया

## एनपीसीआईएल के परमाणु ऊर्जा संयंत्र का प्रचालनात्मक कार्य-निष्पादन

1735. श्रीमती कमलजीत सहरावत
डॉ. हेमंत विष्णु सवरा

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) विगत पांच वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान तथा वर्तमान वर्ष में न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा विद्युत उत्पादन का, विशेषकर महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित रिएक्टर-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान एनपीसीआईएल के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों द्वारा प्राप्त किए गए प्लांट लोड फैक्टर का रिएक्टर-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में निर्माणाधीन परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापित क्षमता, अनुमानित परियोजना लागत तथा चालू होने की संभावित तिथि को दर्शाने वाला ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान एनपीसीआईएल द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र की इकाइयों के साथ किए गए करार और सहयोग का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आपातकालीन स्थिति पर एनपीसीआईएल द्वारा किए गए सुरक्षा उपायों तथा योजनाओं में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों को दिए गए समुचित प्रशिक्षण का, विशेषकर महाराष्ट्र के पालघर जिले स्थित तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित ब्यौरा क्या है?

### उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) व (ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान नाभिकीय विद्युत संयंत्रों से बिजली उत्पादन और उनके पीएलएफ (तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित) के संबंध में विवरण अनुलग्नक में दिया गया।

(ग) निर्माणाधीन एनपीसीआईएल परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है।

| इकाई | परियोजना और स्थान | क्षमता (मेगावाट) | कमीशन की संभावित तारीख | संशोधित लागत (रु. करोड़ में ) |
|---|---|---|---|---|
| आरएपीपी - 7 व 8 | रावतभाटा, राजस्थान | 2 X 700 | 15.04.2026 को वाणिज्यिक प्रचालन शुरू किया गया | 22,924# |
| | | | कमीशनिंग के उन्नत चरण में | |
| जीएचएवीपी- 1 व 2 | गोरखपुर, हरियाणा | 2 X 700 | कंक्रीट की पहली ढलाई से लगभग 6 वर्षों में निर्माण और कमीशनन का कार्य पूरा होने की आशा है। | 20,594* |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कैगा-5 व 6 | कैगा, कर्नाटक | 2 X 700 | जून-2031/जून-2032 | 21,000* |
| केकेएनपीपी-3 व 4 | कुडनकुलम, तमिलनाडु | 2 X 1000 | जून-2027/जून-2028 | 68,893 |
| केकेएनपीपी-5 व 6 | | 2 X 1000 | जून-2029/मार्च-2030 | 69,437 |

**समीक्षाधीन*

*# एनपीपी लागत द्रव-इकाई आधार पर उपलब्ध हैं।*

भाविनी तमिलनाडु के कल्पाक्कम में 500 मेगावाट प्रोटोटाइप द्रुत प्रजनक रिएक्टर का कमीशनन कार्य कर रही है। पीएफबीआर की अनुमानित पूर्णता लागत 8181 करोड़ रुपए है और परियोजना के मार्च 2027 तक पूरी तरह से कमीशन होने की आशा है।

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान, एनपीसीआईएल ने नाभिकीय विद्युत उत्पादन के संवर्धन के लिए निम्नलिखित के साथ समझौतों/सहयोग में प्रवेश किया है:

(i) महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी (एमएएचएजीईएनसीओ)

(ii) महाराष्ट्र इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन (एमआईटीआरए) और

(iii) एनएलसी इंडिया लिमिटेड *(पूर्व में नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड)।*

(ङ) नाभिकीय विद्युत संयंत्रों की संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं, जो समय-समय पर ऑडिट और समीक्षा और आवश्यक उन्नयन के अधीन हैं। अत्यंत असंभावित घटना का सामना करने के लिए, तारापुर परमाणु बिजलीघर सहित सभी नाभिकीय विद्युत संयंत्र स्थलों पर प्रचालन शुरू होने से पहले नियामक प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित योजनाएं लागू की जाती हैं। निर्णय लेने की क्षमताओं सुरक्षा प्रावधानों के कार्यान्वयन, अनुक्रिया समय-सीमा, अनुक्रिया एजेंसियों के बीच समन्वय, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि की पुष्टि करने के लिए समय-समय पर अभ्यास किए जाते हैं। संयंत्र के सभी कर्मचारियों को संरक्षा, आपातकालीन स्थिति और सुरक्षा उपायों की जानकारी देने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया गया है। सुरक्षा कर्मियों द्वारा विभिन्न आपातकालीन स्थितियों पर समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाती हैं और संबंधित अधिकारियों द्वारा इससे संबंधित रिपोर्टों की समीक्षा की जाती है।

*****

***अनुलग्नक***

| स्थल व राज्य | इकाई | क्षमता (मेगावाट) | उत्पादन मिलियन यूनिट (एमयू) में | | | | | संयंत्र भार गुणक (%) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2025-26** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2025-26** |
| तारापुर, महाराष्ट्र | टीएपीएस-1 | 160 | *इकाई परियोजना मोड में* | | | | 38 | *इकाई परियोजना मोड में* | | | | 16.09 |
| | टीएपीएस-2 | 160 | *इकाई परियोजना मोड में* | | | | | *इकाई परियोजना मोड में* | | | | |
| | टीएपीएस-3 | 540 | 3829 | 4636 | 4148 | 4682 | 3568 | 80.94 | 98.00 | 87.44 | 98.98 | 75.42 |
| | टीएपीएस-4 | 540 | 4774 | 4349 | 3965 | 3785 | 3792 | 100.91 | 91.95 | 83.58 | 80.02 | 80.16 |
| रावतभाटा, राज्यस्थान | आरएपीएस-2 | 200 | 1453 | 733 | 1605 | 1194 | 1459 | 82.94 | 41.82 | 91.37 | 68.14 | 83.30 |
| | आरएपीएस-3 | 220 | 1563 | 1024 | *इकाई परियोजना मोड में* | 1022 | 1735 | 81.09 | 92.38 | *इकाई परियोजना मोड में* | 77.33 | 90.02 |
| | आरएपीएस-4 | 220 | 1723 | 1239 | 1701 | 1538 | 1721 | 89.38 | 64.30 | 88.01 | 79.79 | 89.29 |
| | आरएपीएस -5 | 220 | 1869 | 1661 | 1986 | 1685 | 1990 | 96.97 | 86.21 | 102.76 | 87.45 | 103.25 |
| | आरएपीएस-6 | 220 | 1702 | 1923 | 1768 | 1993 | 1795 | 88.29 | 99.81 | 91.49 | 103.39 | 93.16 |
| | आरएपीपी-7 | 700 | *निर्माणाधीन इकाई* | | | | 2202 | *निर्माणाधीन इकाई* | | | | 37.34 |
| | आरएपीपी-8 | 700 | *निर्माणाधीन इकाई* | | | | | *निर्माणाधीन इकाई* | | | | |
| नरौरा, उत्तर प्रदेश | एनएपीएस-1 | 220 | 1828 | 1542 | 1521 | 1843 | 871 | 94.84 | 80.01 | 78.72 | 95.61 | 45.20 |
| | एनएपीएस-2 | 220 | 1753 | 1651 | 1353 | 1787 | 1814 | 90.94 | 85.65 | 70.03 | 92.72 | 94.14 |
| काकरापार, गुजरात | केएपीएस-1 | 220 | 1852 | 1793 | 1967 | 1661 | 1906 | 96.09 | 93.06 | 101.79 | 86.17 | 98.89 |
| | केएपीएस-2 | 220 | 1652 | 1846 | 1708 | 1816 | 1622 | 85.70 | 95.81 | 88.38 | 94.23 | 84.18 |
| | केएपीएस-3 | 700 | *निर्माणाधीन इकाई* | | 3932 | 4244 | 4931 | *निर्माणाधीन इकाई* | | 84.93 | 69.21 | 80.42 |
| | केएपीएस-4 | 700 | *निर्माणाधीन इकाई* | | 3 | 4581 | 4315 | *निर्माणाधीन इकाई* | | 17.01 | 74.71 | 70.37 |
| कैगा, कर्नाटक | केजीएस-1 | 220 | 1607 | 1855 | 1643 | 1825 | *इकाई परियोजना मोड में* | 83.40 | 96.25 | 85.03 | 94.70 | *इकाई परियोजना मोड में* |
| | केजीएस-2 | 220 | 1805 | 1687 | 1935 | 1564 | 1790 | 93.66 | 87.53 | 100.15 | 81.13 | 92.88 |
| | केजीएस-3 | 220 | 2059 | 2073 | 1918 | 2043 | 1872 | 106.81 | 107.55 | 99.24 | 105.99 | 97.12 |
| | केजीएस-4 | 220 | 2021 | 1829 | 2006 | 1927 | 2085 | 104.87 | 94.89 | 103.82 | 99.98 | 108.19 |
| मद्रास, तमिलनाडु | एमएपीएस-1 | 220 | *इकाई परियोजना मोड में* | | | | | *इकाई परियोजना मोड में* | | | | |
| | एमएपीएस-2 | 220 | 1089 | 1786 | 1592 | 1675 | 1410 | 56.52 | 92.69 | 82.40 | 86.90 | 73.19 |
| कुडनकुलम, तमिलनाडु | केकेएनपीपी-1 | 1000 | 7009 | 7035 | 6656 | 8412 | 7349 | 80.01 | 80.31 | 75.77 | 96.02 | 83.89 |
| | केकेएनपीपी-2 | 1000 | 7527 | 7191 | 6563 | 7407 | 6925 | 85.93 | 82.09 | 74.72 | 84.55 | 79.05 |